Title: Urged upon the Government to give order to procure coconut and copra from the coconut growers of Andaman and Nicobar.

श्री विणु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) : अध्यक्ष महोदय, हाल ही में कुछ राज्यों में भुखमरी के कारण कुछ आदिवासियों की मृत्यु हुई। अंडमान निकोबार द्वीप पुंज में यही स्थिति निकोबारी भाइयों के साथ होने जा रही है। इसलिए अध्यक्ष महोदय, मैं आपका प्रोटैक्शन चाहता हूं और भारत सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि वह इसके ऊपर शीघ्र कार्रवाई करे।

अध्यक्ष महोदय, निकोबार द्वीप पुंज एक ऐसा क्षेत्र है जहां करीब-करीब 90 प्रतिशत आदिवासी भाई रहते हैं। उनका एक ही प्रोडक्ट है और वह है नारियल और सुपारी। वहां धान पैदा नहीं होता है और वहां पर कोई फैक्ट्री भी नहीं है। न ही वहां पर नारियल या खोपरा को प्रौसैस करने हेतु कोई इंडस्ट्री है। गैट समझौते पर हस्ताक्षर होने के फलस्वरूप विश्व बाजार में नारियल और सुपारी के भाव कम हो जाने पर भारत सरकार ने नैफेड के माध्यम से नारियल खरीदने की योजना की घोाणा की थी और निकोबारी भाई खोपरा और नारियल नैफेड के जरिए मुख्य भूमि पर भेजने का काम करते थे और उससे अपना गुजारा करते थे, लेकिन 10 अगस्त, 2001 से नैफेड ने उनका खोपरा खरीदना बन्द कर दिया है जिसके कारण उनका खोपरा और नारियल खराब हो रहा है और् उसे खरीदने वाला कोई नहीं है जिसके कारण वे भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। जबकि भारत सरकार ने 28 मार्च, 2001 को इस सदन में घोाणा की थी कि 2001, 2002 के लिए हम खोपरा को अधिक मूल्य पर खरीदेंगे, लेकिन वैसा नहीं किया जा रहा है जिसके कारण निकोबार के खोपरा उत्पादक भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। मैं भारत सरकार से आपके माध्यम से प्रार्थना करता हूं कि अंडमान निकोबार द्वीप पुंज के निकोबारी भाइयों का खोपरा खरीदने हेतु तुरन्त आदेश दिए जाएं।

SHRI SURESH KURUP (KOTTAYAM): Mr. Speaker, Sir, as you know this is a very serious problem. The Government should intervene in the matter. ...(*Interruptions*) Time and again Members have been demanding Government's help in this issue.

MR. SPEAKER: I called the name of Shri Mohan Delkar. Please understand that there are 35 names here.

SHRI SURESH KURUP : Sir, this is a very serious problem. ...(*Interruptions*) The prices of coconut are going down.

MR. SPEAKER: If you are interested, you give a notice.

SHRI SURESH KURUP : Sir, I would like to associate myself with the hon. Member.

MR. SPEAKER: Shri Suresh Kurup, you can associate with the hon. Member.

...(*Interruptions*)

SHRI P.C. THOMAS (MUVATTUPUZHA): Sir, I also would like to associate with the hon. Member.

SHRI M.V.V.S. MURTHI (VISAKHAPATNAM): Sir, I also would like to associate with the hon. Member on this subject. ...(*Interruptions*)